**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2230**
**15 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर परिचर्या केंद्र**

**2230. श्रीमती नुसरत जहां:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के अंतर्गत देश में जिला (एनसीडी) औषधालयों, राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और तृतीयक परिचर्या कैंसर केन्द्रों (टीसीसीसी) की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) उक्त संस्थानों द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पश्चिम बंगाल राज्य में टीसीसीसी की स्थापना की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार की पश्चिम बंगाल राज्य में और अधिक एससीआई स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी.सिंह बघेल)**

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और उपलब्ध संसाधन सीमा के अध्यधीन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग निवारण और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) पूर्व में राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय वाहिका रोग और आघात निवारण और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहयोग प्रदान करता है। यह कार्यक्रम गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के उपचार के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रबंधन और उचित स्तर के स्वास्थ्य सुविधा केंद्र के लिए रेफरल के लिए जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। एनपी-एनसीडी के तहत, 753 जिला एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुसार जिला एनसीडी क्लीनिकों का विवरण अनुलग्नक-**I** पर है।

केंद्र सरकार एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केन्द्रों को मजबूत करने की योजना लागू कर रही है। पश्चिम बंगाल में 3 टीसीसीसी सहित अब तक 19 राज्य कैंसर संस्थान

(एससीआई) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है। एससीआई/टीसीसीसी का विवरण अनुलग्नक- II पर है।

इसके अलावा, मौजूदा परियोजना को पूरा करने के लिए योजना को इस शर्त के साथ 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है,  कि योजना के तहत आगे कोई देयता सृजित न हो।

केंद्र सरकार विशिष्ट स्तर पर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) योजना को मजबूत करने की योजना लागू कर रही है। हब और स्पोक मॉडल दो स्तरों पर अस्पतालों का नेटवर्क है। एससीआई/टीसीसीसी की परिकल्पना हब और स्पोक के रूप में कैंसर परिचर्या प्रदान करने, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की सहायता प्रदान करने के लिए कैंसर के उपचार के लिए की गई है। एससीआई अन्य सरकारी संस्थाओं जिनमें टीसीसीसी शामिल हैं, के मार्गदर्शन के लिए नोडल संस्थान के रूप में कार्य करते हैं। इसी तरह, टीसीसीसी जिला स्तर पर और इससे नीचे के स्तर पर सुविधाकेंद्रों को मार्गदर्शन प्रदान करता है। एससीआई हब के रूप में और टीसीसीसी स्पोक के रूप में कार्य करते हैं। एनएचएम के तहत सृजित किए गए सुविधा केंद्र- जिला एनसीडी क्लीनिक, डे केयर सेंटर कैंसर के निदान और उपचार के लिए उप-स्पोक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे केन्द्रीय संस्थानों, केन्द्र सरकार के अस्पतालों और निजी क्षेत्र के अस्पतालों सहित स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायगी प्रणाली में विभिन्न स्तरों पर एनसीडी का निदान और उपचार उपलब्ध है। सरकारी अस्पतालों में उपचार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए या तो मुफ्त या अत्यधिक रियायती दरों पर प्राप्त है।

*****

अनुलग्नक -I

जिला एनसीडी क्लीनिकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम | **आज की स्थिति के अनुसार जिला एनसीडी क्लीनिकों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 3 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 26 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 26 |
| 4 | असम | 33 |
| 5 | बिहार | 38 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ | 28 |
| 8 | दमन एवं दीव एवं डीएनएच | 3 |
| 9 | दिल्ली | 11 |
| 10 | गोवा | 2 |
| 11 | गुजरात | 33 |
| 12 | हरियाणा | 22 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 20 |
| 15 | झारखंड | 24 |
| 16 | कर्नाटक | 31 |
| 17 | केरल | 14 |
| 18 | लद्दाख | 2 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 52 |
| 21 | महाराष्ट्र | 36 |
| 22 | मणिपुर | 16 |
| 23 | मेघालय | 11 |
| 24 | मिजोरम | 8 |
| 25 | नगालैंड | 12 |
| 26 | ओडिशा | 30 |
| 27 | पुदुचेरी | 4 |
| 28 | पंजाब | 23 |
| 29 | राजस्थान | 33 |
| 30 | सिक्किम | 4 |
| 31 | तमिलनाडु | 38 |
| 32 | तेलंगाना | 33 |
| 33 | त्रिपुरा | 8 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 75 |
| 35 | उत्तराखंड | 13 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 27 |
| भारत | | 753 |

**अनुलग्नक-II**

**देशभर में अनुमोदित एससीआई/टीसीसीसी की सूची:**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **संस्थान का नाम** | **एससीआई/टीसीसीसी** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल | एससीआई |
| 2 | असम | गोहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गुवाहाटी | एससीआई |
| 3 | बिहार | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना | एससीआई |
| 4 | दिल्ली | लोक नायक अस्पताल | टीसीसीसी |
| 5 | गुजरात | गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद | एससीआई |
| 6 | गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | टीसीसीसी |
| 7 | हरियाणा | सिविल अस्पताल, अम्बाला कैंट | टीसीसीसी |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला | टीसीसीसी |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी | टीसीसीसी |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर | एससीआई |
| 11 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू | एससीआई |
| 12 | झारखंड | राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची | एससीआई |
| 13 | कर्नाटक | किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु | एससीआई |
| 14 | | मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मांड्या | टीसीसीसी |
| 15 | केरल | क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम | एससीआई |
| 16 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड | टीसीसीसी |
| 17 | मध्य प्रदेश | जीआर मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | टीसीसीसी |
| 18 | | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | एससीआई |
| 19 | महाराष्ट्र | राष्ट्रसंत तुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर | टीसीसीसी |
| 20 | | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | एससीआई |
| 21 | | विवेकानन्द फाउंडेशन एवं अनुसंधान केन्द्र, लातूर | टीसीसीसी |
| 22 | मिजोरम | मिजोरम राज्य कैंसर संस्थान, आइजोल | टीसीसीसी |
| 23 | नगालैंड | जिला अस्पताल, कोहिमा | टीसीसीसी |
| 24 | ओडिशा | आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक | एससीआई |
| 25 | पंजाब | सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | एससीआई |
| 26 | | सिविल अस्पताल, फाजिल्का | टीसीसीसी |
| 27 | राजस्थान | एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | टीसीसीसी |
| 28 | | एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर | एससीआई |
| 29 | | झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, झालावाड़ | टीसीसीसी |
| 30 | सिक्किम | गंगटोक, सिक्किम के पास सोचीगांग (सिची) में मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल | टीसीसीसी |
| 31 | तमिलनाडु | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अड्यार, चेन्नई | एससीआई |
| 32 | तेलंगाना | एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद | एससीआई |
| 33 | त्रिपुरा | कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला | एससीआई |
| 34 | उत्तर प्रदेश | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | टीसीसीसी |
| 35 | उत्तराखंड | राजकीय मेडिकल कॉलेज, हलद्वानी | एससीआई |
| 36 | पश्चिम बंगाल | सरकारी मेडिकल कॉलेज, बर्दवान | टीसीसीसी |
| 37 | | मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बरहामपुर, मुर्शिदाबाद | टीसीसीसी |
| 38 | | सगोरे दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता | टीसीसीसी |
| 39 | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासुपर | एससीआई |

******